समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# इस दिन आ सकता है NEET UG एग्जाम का रिजल्ट, जाने कैसे कर पाएंगे चेक।

Publisher Published on 10 Jun 2025




## 14 जून को जारी हो सकता है NEET UG 2025 का रिजल्ट, जाने कंब और कैसे चेक कर पाएंगे अपना स्कोरकार्ड।

**नई दिल्ली :** देशभर के लाखों मेडिकल के छात्रों के लिए बड़ी खबर है। **NEET UG 2025 का रिजल्ट** अब कुछ ही दिनों में जारी किया जा सकता है।
**नेशनल टेस्टिंग एजेसी (NTA)** की ओर से **3 जून को प्रोविजनल आंसर** की जारी कर दी गई थी, जिस पर **5 जून** तक आपत्तियां मांगी गई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब **NEET UG Result 2025 को 14 जून 2025** को जारी किया जा सकता है।

इस साल परीक्षा में रिकॉर्ड संख्या में छात्र शामिल हुए हैं। **NEET UG का परिणाम केवल ऑनलाइन मोड** में जारी किया जाएगा। जैसे ही रिजल्ट जारी होगा, इसका लिंक NTA की आधिकारिक वेबसाइट neet.nta.nic.in पर एक्टिव कर दिया जाएगा।

**कितने छात्रों ने दी परीक्षा ?**
रिपोर्ट्स के अनुसार इस बार **NEET UG 2025 परीक्षा मे लंगभग 20.7 से 21 लाख** छात्रों ने हिस्सा लिया। अब इन लाखों छात्रों की नजरें रिजल्ट पर टिकी हुई हैं।

रिजल्ट से पहले: **फाइनल आंसर की और ऑब्जेक्शन प्रोसेस**
रिजल्ट से पहले **NTA** ने 3 जून को **प्रोविजनल** आंसर की जारी की थी। छात्रों को 5 जून तक इस पर आपत्ति दर्ज कराने का

मौका दिया गया था।

छात्र **OMR शीट** और उत्तर कुंजी में किसी भी उत्तर को ₹200 प्रति प्रश्न शुल्क देकर चैलेंज कर सकते थे। अब जल्द ही फाइनल आंसर की और उसके बाद रिजल्ट घोषित किया जाएगा।

### NEET UG 2025 Result: लॉगिन के लिए जरूरी डिटेल्स

रिजल्ट चेक करने के लिए उम्मीदवारों को निम्नलिखित डिटेल्स की जरूरत होगी:

१. **एप्लिकेशन नंबर**

२. **जन्मतिथि**

३. **रजिस्टर्ड ईमेल ID**

४. **मोबाइल नंबर**

५. **सिक्योरिटी पिन (कैप्चा कोड)**

### क्या करे रिजल्ट के बाद ?

रिजल्ट जारी होने के बाद **NEET UG 2025** काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी।

छात्र अपनी रैंक के आधार पर कॉलेज और कोर्स का चयन कर सकेंगे।

**MBBS और BDS** के अलावा मेडिकल क्षेत्र में अन्य कई कोर्स भी उपलब्ध हैं, जिनमें छात्र प्रवेश ले सकते हैं।

### कैसे देखे NEET UG 2025 Result?

**नीट यूजी का रिजल्ट चेक** करने के लिए नीचे दिए गए स्टेप्स को फॉलो करें:

**स्टेप 1**: सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट neet.nta.nic.in पर जाएं।

**स्टेप 2**: होमपेज पर दिए गए "**NEET UG 2025 Result**" लिंक पर क्लिक करें।

**स्टेप 3**: अपना **एप्लिकेशन नंबर** और **पासवर्ड दर्ज** कर लॉग इन करें।

**स्टेप 4**: स्क्रीन पर आपका **रिजल्ट दिखाई** देगा।

**स्टेप 5:** रिजल्ट पेज को **डाउनलोड** करके सेव कर लें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.